## सार-समाचार

### पत्रकार शुक्रिया का सम्मान



**राजसमन्द, (निसं)।** मीडिया के माध्यम से जिले के युवाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें युवा रचनात्मक गतिविधियों से जोडने में सराहनीय कार्य करने पर नेहरू युवा केन्द्र राजसमन्द के जिला युवा अधिकारी हेमन्त कुमार मथुरिया ने वरिष्ठ पत्रकार मुबारिक शुक्रिया को सम्मानित किया है।

### पेसिफिक में समर फन डे कार्यक्रम

**उदयपुर, ।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के कान,नाक एवं गला रोग विभाग की ओर से मूक-बधिर बच्चों के जीवन में नई रोशनी और सुनहरी खुशियाँ लाने के उद्देश्य से समर फन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉकलियर इम्प्लांट लाभार्थी बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया, जिसमें 8 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडना और उनके आत्मविश्वास का बढाना था। कार्यक्रम में डांस,म्यूजिकल एक्ट, खेल गतिविधियाँ, आदि का आयोजन हुआ। जिससे में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। इन बच्चों के लिए यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक नया अनुभव था जहां वे अपनी आवाज के साथ इस दुनिया से जुड सके। पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने कहा कि कॉकलियर इम्प्लांट कार्यक्रम को और मजबूत करने हेतु 3 करोड की राशि स्वीकृत की है। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा सुनने से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर डॉ.एम.एम. मंगल ने कहा कि यह तकनीक उन बच्चों के लिए वरदान है जो जन्म से ही मूक-बधिर होते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ.रिचा गुप्ता ने कहा कि समुचित देखभाल और निरंतर स्पीच थैरेपी से बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं। इस अवसर पर कॉकलियर इम्प्लांट सर्जन डॉ.एस.एस. कौशिक ने कहा कि कॉकलियर इम्प्लांट से जुडे बच्चों को निरंतर निगरानी और सपोर्ट की आवश्यकता होती है, और पीएमसीएच इस दिशा में हरसंभव सहायता कर रहा है।इस दौरान पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.यू.एस. परिहार, कान,नाक एवं गला रोग विभाग के डॉ.महेश.डॉ.श्वेता सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

### ऑनलाइन सट्टा चलाने के आरोप में चार गिरफ्तार,

**उदयपुर, ।** जिले की हिरणमगरी और पुलिस की जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने ऑनलाइन सट्टा चलाने के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग को डिटेन किया गया है। आरोपियों से 5 लैपटॉप और 8 मोबाइल जब्त किए गए हैं। हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी और स्पेशल टीम प्रभारी श्याम सिंह रत्नू ने बताया मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीमों ने कार्रवाई कर भीलवाडा के प्रतापनगर निवासी ऋषभ लोहार, रायपुर(भीलवाड) के आदित्यराज सिंह चुंडावत, चंदेरिया(चित्तौडगढ) निवासी अभय वैष्णव, प्रतापनगर(भीलवाडा) निवासी पवन जांगिड को गिरफ्तार और एक अपचारी को डिटेन किया। उन्होंने बताया कि इनसे सट्टा चलाने के लिए काम में लिए जा रहे 5 लैपटॉप, 8 मोबाइल, इंटरनेट राउटर और बैंक डायरी की बरामदगी की गई। आरोपियों को कोर्ट ने दो दिन के रिमांड पर भेजा है।

### भागवत कथा आज से

**उदयपुर, ।** गौतम ऋषि भवन, सेक्टर 4 में भागवत कथा का आयोजन रविवार से होगा। संयोजक अतुल शर्मा के अनुसार कार्यक्रम के उपलक्ष्य में रविवार को मेवाड महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती एवं कथा व्यास पुष्कर दास महाराज के पावन सानिध्य में मंगलेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 4 से कलश यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर हितेश्वरानंद सरस्वती होंगे। कथा में राष्ट्रीय चित्रकार डॉ चित्रसेन, अशोक, शुभम द्वारा 30 गुणा 11 फीट की विहंगम चित्रकारी जिसमे शंख, चक्र, गधा पद्म का प्रस्तुतिकरण होगा। कथा में प्रतिदिन भागवतजी के विभिन्न प्रसंगों के साथ वृंदावन के कलाकारों द्वारा सुंदर झांकियों का मंचन भी किया जाएगा। कथा समय प्रतिदिन सांय 4 से 7 बजे तक रहेगा

### श्री हेरंब गणेश मंदिर के प्रतिष्ठा महोत्सव के लिये तैयारी बैठक आज

**बांसवाड़ा ।** श्री हेरंब गणेश मंदिर खांदू कॉलोनी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिये तैयारी बैठक आज रविवार सायं 7.30 बजे श्री चारणेश्वर महादेव मंदिर खांदू कॉलोनी परिसर में होगी। प्रवक्ता राजेश भावसार ने बताया कि बैठक में श्री सिद्ध महालक्ष्मी हेरंब गणेश महायज्ञ, त्रिगणेश मूर्ति, विग्रह, नवकुंडात्मक एवं शिखर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत 28 से 31 मई तक धार्मिक अनुष्ठानों पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने बताया कि 28 मई को दोपहर 3 से सायं 6 तक हिमाद्री श्रवण, शुद्धिकरण व पूजन आरती, 29 को प्रातः 10 बजे से मंडप प्रवेश, मंडप देव पूजन एवं हनुमान मंदिर से मूर्ति शोभा यात्रा प्रारंभ होगी, 30 को प्रातः 8.30 बजे से कुंड पूजन, अग्नि स्थापन, गृह पूजन, रुद्र पूजन, गणेश यज्ञ एवं पूजन आरती तथा 31 मई को प्रातः 8 बजे से गणेश देव पूजन, विशाल कलश यात्रा, त्रिगणेश मूर्ति व विग्रह स्थापना, शिखर स्थापना, ध्वज दंड स्थापना, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी के आयोजन होंगे।

# राजसमंद में न्यायाधीश ने किया शिशु गृह का मासिक निरीक्षण



राजकीय शिशु गृह एवं वृद्धाश्रम का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते प्राधिकरण सचिव भारत भूषण पाठक।

**राजसमंद, ।** जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश भारत भूषण पाठक ने शनिवार को राजकीय शिशु गृह का मासिक निरीक्षण कर सफाई, आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं का आकलन किया। पाठक ने बताया कि निरीक्षण के समय गृह में ०2 शिशु आश्रयरत पाए गए। गृह में बालक-बालिकाओं को अलग से रखने की व्यवस्था है, गृह में सुरक्षा के लिए अग्निशमन यंत्र लगा हुआ है गृह में आवक-जावक रजिस्टर उपलब्ध है। गृह में स्नानघर, शौचालय व रसोईघर उपलब्ध है। डॉ सारांश सबंल द्वारा ०9 मई 2०25 को शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा टीकाकरण समय अनुसार पूर्ण होना बताया। शिशु गृह की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। गृह में शिशुओं के उपयोग के लिए पर्याप्त मात्रा में राशन, कपडे व अन्य दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना बताया। पालना गृह कार्यशील अवस्था में पाया गया। इस दौरान समन्वयक प्रकाशचन्द्र सालवी उपस्थित थे।

वृद्धाश्रम का किया मासिक निरीक्षण

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सदस्य सचिव जयपुर तथा जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश भारत भूषण पाठक ने शनिवार को को वृद्धाश्रम मोही का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पाठक ने बताया कि वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए लगाया गया वाटर कूलर कार्यशील अवस्था में नहीं पाया गया, जिसे अविलंब दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही वृद्धाश्रम प्रभारी ने अवगत कराया कि विगत दो माह से चिकित्सक द्वारा वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं किया गया हैं।

इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखा गया। निरीक्षण के समय वृद्धाश्रम में कुल ०9 वृद्धजन उपस्थित मिले, वृद्धजनों को मीनू अनुसार समय पर भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है, वृद्धजनों ने भोजन तथा अन्य सुविधाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

बिछोने के चद्दर व तकिए नियमित अंतराल में धुलवाने तथा बिस्तरों को धूप में रखने के निर्देश दिए। गृह में वृद्धजन पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग कमरों की व्यवस्था है तथा वृद्धजनों के मनोरंजन के लिए गृह में टीवी लगी हुई है। इस दौरान वृद्धाश्रम प्रभारी सुभाष भट्ट उपस्थित थे।

## शराब की दुकान में चोरी का मामल दर्ज

**बांसवाड़ा ।** मोटागांव थाना पुलिस ने शराब की दुकान में चोरी के मामले में वांछित फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी रामसिंह पंवार ने बताया कि 13 नवंबर 2024 को प्रार्थी चन्द्रवीर सिंह निवासी गडा शक्तावत थाना आसपुर ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि वह भैरू कृपा वाईन शॉप पर सेल्समैन है। 12 नवंबर की रात्रि लगभग 8 बजे वाईन शॉप बंद कर ताला लगाकर वह अपने निवास पर गया था एवं दूसरे दिन सुबह 10 बजे दुकान पर आया तो देखा कि दुकान के शटर के पास टीनशेड को तोडकर कोई अज्ञात बदमाश दुकान के अंदर विभिन्न प्रकार की शराब के कार्टून नंग 54 पेटी 6 नंग बोतल चुरा ले गये तथा गल्ले से 4500 रुपये के सिक्कों पर भी हाथ कर लिया। जिस पर बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया एवं घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर नक्शा मौका बनाया गया। प्रार्थी चन्द्रवीर सिंह व दुकान मालिक विशाल सिंह के कथन लेखबद्ध कर माल मुल्जिमान की पतेरसी की गयी। प्रकरण में आरोपी जयेश कलाल, राकेश उर्फ रांगा, शंकर पुत्र जीवा, भीमराज उर्फ तारिया पुत्र भेजिया के विरूद्ध जुर्म प्रमाणित होकर न्यायालय में पेश किये जा चुके है।

# विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम

**बांसवाड़ा ।** विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर मधुबन कॉलोनी स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता क्लिनिक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर लेकिन अक्सर नजरअंदाज की जाने वाली बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता प्रभारी चिकित्सक डॉ. मुनव्वर हुसैन ने हाइपरटेंशन को धीमा जहर बताते हुए कहा कि यह बिना शोर किए शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचाता है। डॉ. मुनव्वर ने बताया कि आज के दौर में हाई ब्लड प्रेशर सिर्फ बुजुर्गों की बीमारी नहीं रह गया है यह युवाओं को भी तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। इसकी मुख्य वजहें बदलती जीवनशैली, अत्यधिक तनाव, भोजन में नमक का अधिक उपयोग, धूम्रपान, तंबाकू और शराब का सेवन, अनियमित खानपान, शारीरिक मेहनत की कमी और नींद पूरी न होना हैं।



विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर मधुबन कॉलोनी स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता क्लिनिक में जागरूकता कार्यक्रम में जानकारियां देते प्रभारी चिकित्सक डॉ. मुनव्वर हुसैन।

उन्होंने कहा कि लोग अक्सर सिर दर्द, चक्कर आना, चिडचिडापन या थकान जैसे लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं जबकि ये हाई बीपी के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि समय रहते पहचान और इलाज न होने पर हाइपरटेंशन हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, किडनी फेलियर और आंखों की रोशनी तक छीन सकता है। उन्होंने बताया कि हाइपरटेंशन की स्थिति में लाइफ स्टाइल मॉडिफिकेशन अत्यंत आवश्यक है जिसमें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव नियंत्रण और दवाओं का सही समय पर सेवन शामिल है। सीनियर नर्स शर्ली जॉय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कई बार यह देखा है कि मरीज ब्लड प्रेशर को सामान्य मानकर लापरवाही करते हैं लेकिन जब समस्या बढ़ती है तब गंभीर परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे मरीज आते हैं जिनका अचानक बीपी बहुत बढ जाता है और उन्हें इमरजेंसी में भर्ती करना पडता है।

# सच्चा न्याय वही है जो सत्य है : जस्टिस विनीत माथुर

**उदयपुर, ।** राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस विनीत माथुर ने कहा कि सच्चा न्याय वही है जो सत्य,करुणा और विवेक से जन्म लेता है। वे शनिवार को उदयपुर के सुखाडिया रंगमंच पर पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम संबोधित कर रहे थे। जस्टिस माथुर ने नवनियुक्त न्यायाधीशों को बधाई देते हुए कहा कि न्याय वह है जो न केवल किया जाए बल्कि होते हुए दिखे। कार्यक्रम में आरजीएस परीक्षा पास कर जज बने 19 में से 11 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिनमें एक युवक और 10 युवतियां शामिल थीं।

समाज प्रतिभाओं की मदद को तत्पर पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष के के गुप्ता ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को सिविल सर्विसेज या उच्च शिक्षा के लिए समाज हर समय मदद के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि समाज में कई दानदाता मदद के लिए आगे आने को तैयार हैं। कार्यक्रम में सवाईमाधोपुर के अभय बंसल,कोटपुतली बहरोड की आयुषी गोयल, यूपी के बुलंदशहर की कनक बंसल,यूपी के बिजनोर की कृतिका अग्रवाल,जोधपुर की महक सिंघल, कोटा की निनाशा अग्रवाल,एमपी के भोपाल की नूपुर गुप्ता,करौली की पायल अग्रवाल,चुरू की पूनम अग्रवाल, सौरभ बंसल और भरतपुर से तनवी सिंघल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर न्यायाधिपति मनोज गर्ग,भीलवाडा सांसद व संस्थान संरक्षक दामोदर अग्रवाल,उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा और उदयपुर एसपी योगेश गोयल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# भुवासा में मंदिर प्रतिष्ठा को लेकर दिखी सर्व समाज की एकता

**बांसवाड़ा ।** भुवासा गांव में सर्व समाज की ओर से राधा कृष्ण मंदिर, हिंगलाज माता एवं शिव गोरक्षनाथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम के लिये सर्व समाजजन एकजुट नजर आये नहीं तीन दिवसीय 16 से 18 मई तक धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियों में सर्वसमाजजन उत्साह से जुटे हुए है। प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत हेमाद्री श्रवण, दश विधि स्नान,

■ पूजन हवन के साथ आज निकालेंगे भव्य कलश यात्रा

गणेश मातृका पूजन, पुण्याह वाचन, मण्डप प्रवेश, मूर्ति शोभायात्रा आदि कार्यक्रम हुए वहीं शनिवार को मंगलाचरण कर्म कुटी कर्म, अग्नि स्थापन, ग्रह होम, गणेश यज्ञ, भैरव यज्ञ, देवी यज्ञ, जलाधिवास, फलाधीवास, घृताधिवास, पुष्पाधिवास, धान्याधिवास, जल कूप पूजन, आरती का आयोजन किया गया। शाम को गरबो का भी आयोजन किया। आज रविवार को पूजा अर्चना व महाआरती-महाप्रसादी होगी भव्य कलश यात्रा भी निकाली जायेगी। रविवार को धौलागिरी के महंत प्रकाश नाथ महाराज का सानिध्य भी प्राप्त होगा।



भुवासा गांव में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत यज्ञ में आहुतियां देते यजमान एवं सर्व समाजजन।

शनिवार को औघड धाम बलाप के महंत रमेश कलाल ने हवन में मुख्य कुंड में आहुति देकर मंगल कामना की। कार्यक्रम में घाटोल विधायक नानालाल निनामा, सरोदिया सरपंच देवीलाल, जिला परिषद सदस्य गौतम लाल राणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष योगपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अजीत मुगनिया, मांगीलाल बुनकर सहित सर्व समाजजन सम्मिलत हुए। इस दौरान विधायक ने सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा भी की।

भुवासा गांव में 35 कुंडीय महायज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें आचार्य नयन नयनेश व्यास के सानिध्य में मंगलाचरण स्वस्तिवाचन एवं पूजा अर्चना की गयी। इस भव्य कार्यक्रम में गांव के सर्वसमाजजन एक जाजम पर नजर आये एवं सभी ने गांव के राधा कृष्ण मंदिर, हिंगलाज माता मंदिर तथा शिव गोरक्षनाथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में मुक्तहस्त से आर्थिक सहयोग प्रदान किया। आज रविवार को निकाली जाने वाली भव्य कलश यात्रा में सर्व समाज की महिलाएं एक जैसी पोशाक पहनकर सम्मिलित होंगी वहीं सर्व समाज के युवा से गंगाजल कलश यात्रा एवं महाप्रसादी में सहयोग प्रदान करेंगे।

## सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न

**उदयपुर, ।** श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन का पहला सर्वसमाज सामूहिक विवाह समारोह शनिवार को सम्पन्न हुआ। विवाह समारोह से पूर्व निकली बारात में 15 घोडे, पांच बग्गी, दो बैंडबाजा व डीजे साउंड शामिल रहा। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी का बारातियों की ओर से स्वागत किया गया।

सामूहिक विवाह समारोह की बारात शाम साढे पांच बजे बोहरा गणेशजी मंदिर से प्रारंभ हुई जो संत तेरेसा स्कूल मार्ग, यूनिवर्सिटी रोड, बेकनी पुलिया, आयड होते हुए महासतिया चौराहे पर सत्यम गार्डन पहुंची जहां बारातियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। रास्ते भर में वर वधू पक्ष के लोग नाचते झूमते रहे।

मार्ग में जगह-जगह विभिन्न संगठनों की ओर से एकलिंगनाथ संगठन के कार्यकर्ताओं व बारातियों का स्वागत किया गया। सत्यम गार्डन में तोरण की रस्म के पश्चात वरमाला कार्यक्रम हुआ और उसके बाद फेरो की रस्म पूरी हुई।

बारात रवानगी से पूर्व संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी, संरक्षक विनोद पांडे व निर्मल कुमार पंडित, प्रदेश अध्यक्ष दीपक मेनारिया, महिला प्रदेश अध्यक्ष सोनिका जैन आदि ने बोहरा गणेशजी की पूजा अर्चना कर उन्हें प्रथम न्यौता दिया। इसके बाद बारात रवाना हुई। वैवाहिक कार्यक्रमों के बाद सांस्कृतिक व भजन संध्या भी हुई जिसमें राजस्थानी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि राजस्थान भर का यह पहला ऐसा सामूहिक विवाह समारोह हुआ जिसमें सर्व समाज के जोडे भाग शामिल हुए।

यह विवाह पूरी तरह दहेज मुक्त व आडबंर रहित रहित रहा। विवाह की सारी व्यवस्थाएं संगठन की ओर से की गई।

## सार-समाचार

### जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 29 जून को

**बांसवाड़ा ।** विप्र सेना के पदाधिकारियों की बैठक में आगामी 29 जून को जिला स्तरीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सत्र 2024-25 सीबीएसई-आरबीएसई 10वी और 12वी बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक अर्जित कने वाले वाले विद्यार्थियों, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन मे 70 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों, एमबीए, सीए, इंजीनिरिंग, एलएलबी, एमबीबीस, बीएचएमएस डिग्रीधारी एवं राजकिय सेवा में नियुक्त एवं विशेष सम्मान राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान और अन्य गतिविधियों मे उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। बैठक में राष्ट्रीय सचिव मुकेश पाठक, जिलाध्यक्ष मिलन पंड्या, कार्यक्रम सयोजक हरीश ठाकुर, प्रदेश सचिव हेमेंद्रनाथ पुरोहित, कार्यक्रम सह संयोजक यश जोशी, युवा जिलाध्यक्ष मयंक व्यास, भूमित वैष्णव, त्र्म्बकेश्वर ठाकुर, संतोष म्यावत आदि मौजूद रहे।

### घूमर कार्यशाला में सीखी बारीकियां

**उदयपुर, ।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर की ओर से पन्द्रह दिवसीय ग्रीष्म कालीन घूमर कार्यशाला का शुभारंभ शनिवार को बागोर की हवेली में हुआ। निदेशक फुरकान खान ने बताया कि पन्द्रह दिवसीय ग्रीष्म कालीन घूमर कार्यशाला का शुभारंभ बागोर की हवेली में शनिवार हुआ। दीप प्रज्वलन केन्द्र के उपनिदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत, सहायक निदेशक (वित्तीय एवं लेखा) दुर्गेश चांदवानी, सी.एल. सालवी एवं विजयलक्ष्मी आमेटा ने किया। संचालन सिद्धांत भटनागर ने किया। कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञ विजयलक्ष्मी आमेटा ने प्रतिभागियों को घूमर नृत्य की बारीकियां सिखाई।

### बाप विधायक पटेल के निलंबन को लेकर भाजपा का धरना आज

**बांसवाड़ा ।** बीस लाख के रिश्वत मामले में गिरफ्तार बाप विधायक जय कृष्ण पटेल के निलंबन की मांग को लेकर बांसवाडा विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक सर्किट हाउस में हुई। पूर्व राज्य मंत्री धनसिंह सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संवेदनशील मुद्दे रिश्वत प्रकरण को पूरी ताकत से विराट प्रदर्शन कर राज्यपाल एवं विधानसभा अध्यक्ष से विधायक के निलंबन की मांग करनी है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जनजाति मोर्चा हकरू मईडा एवं पूर्व प्रधान राजेश कटारा ने सभी मंडल केंद्रों से बडी संख्या में सुबह दस बजे पुराने भाजपा कार्यालय कुशलबाग मैदान के पास भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक में जिला मंत्री सरदार पारगी, जिला परिषद सदस्य पिंटू चरपोटा मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल डिंडोर, गौरीशंकर मईडा हितेश पाटीदार, प्रकाश मईडा, युगल उपाध्याय, रणछोड सोलंकी, दिलीप निनामा, सत्यनारायण मीणा, प्रभु लाल पटेल, महेश मईडा, रावजी मईडा, संजय शर्मा, नर्मदा मईडा, गजेंद्र दावोंड, बहादुर चरपोटा, कैलाश मईडा, किशोरीलाल मीणा आदि मौजूद रहे।

### नियो डिजिटल स्कीन क्लिनिक का सुभारंभ आज

**बांसवाड़ा ।** शहर में पुराने बस स्टैण्ड स्थित श्री नाथ मेडिकल स्टोर में स्थापित नियो डिजिटल स्कीन क्लिनिक की शाखा का शुभारंभ आज रविवार को प्रातः 10.30 बजे बडा रामद्वारा के संत रामप्रकाश रामस्नेही महाराज करेंगे। समारोह आयोजक एवं शाखा संचालक गोविन्दा सोनी ने बताया कि क्लिनिक में गुजरात के ख्यात चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचिर शाह डिजिटल माध्यम से अपनी नियमित सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके माध्यम से जिले में ऑनलाइन कंसल्टेशन के जरिये सभी प्रकार के चर्म रोगों के सही निदान की सुविधा उपलब्ध होगी।

### एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और गिट्स के बीच करार

**उदयपुर, ।** गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज, उदयपुर एवं एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों को नागरिक उड्डयन क्षेत्र में इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा। संस्थान के निदेशक डॉ. एस. एम. प्रसन्न कुमार ने संस्थान की ओर से पर हस्ताक्षर और एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसे छात्रों के करियर निर्माण में सहायता मिलेगी। यह पहल छात्रों को व्यावसायिक कौशल और इंडस्ट्री का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगी, जिससे वे भविष्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर और एविएशन क्षेत्र में अपना करियर बना सकेंगे। सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष वर्मा के अनुसार इस करार के तहत विद्यार्थियों को देशभर के विभिन्न एयरपोर्ट्स का भ्रमण और चल रहे प्रोजेक्ट्स का अवलोकन के साथ -साथ 2 से 5 दिन की कार्यशालाओं में भागीदारी मिलेगी, और 4 से 20 सप्ताह की अवधि की इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही हवाईअड्डा अवसंरचना और प्रबंधन से जुडी लघु परियोजनाओं में सक्रिय सहभागिता मिलेगी।

### भामाशाह ने स्कूल में की एलईडी भेंट

**राजसमंद, ।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बें मे संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालय पथवारी मोहल्ला में गुरुवार को शिक्षिका भामाशाह ने बच्चों के लिए 32 इंच की एलईडी भेंट की। जानकारी के अनुसार स्कूल की शिक्षिका सुशीला कुमारी चौधरी ने स्कूल नामांकन बढाने को लेकर बच्चों के लिए एलइडी भेंट की गई।


**कार्यालय नगर पालिका कपासन जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.क./भूमि/2025-26/631 दिनांक :16/05/2025

**-: लोक सूचना:-**

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारों / स्वामियों द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

| क्र. सं. | नाम आवेदन / खातेदार | जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री प्रभुलाल पिता श्री पीरू खटीक | तह.कपासन जिला चित्तौड़गढ़ | कपासन | आराजी नं. 2062 रकबा 0.10 हैक्टेयर | आराजी नं.2062 रकबा 0.10 हैक्टेयर आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16/05/2025 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी ( अधिशाषी अधिकारी )
नगर पालिका,कपासन



**कार्यालय ग्राम पंचायत बेदलाखुर्द**
**पंचायत समिति बड़गांव, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-09 दिनांक-22.4.2025

**-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-**

ग्राम पंचायत बेदलाखुर्द में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यों हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 20.5.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No-ZUD2526GLOB00199

प्रशासक
ग्राम पंचायत बेदलाखुर्द
पं.स. बडगांव
जिला-उदयपुर ( राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बेदलाखुर्द
पं.स. बडगांव
जिला-उदयपुर ( राज.)